# आर.एस. पुरा में पी.एन.बी. ने आयोजित किया वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर



*आर.एस. पुरा में आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारी।*

जम्मू, 9 सितम्बर (स.ह.) : वित्तीय सेवा विभाग (डी.एफ.एस.), वित्त मंत्रालय भारत सरकार (जी.ओ.आई.) द्वारा 1 जुलाई से 30 सितम्बर के दौरान शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी गहन अभियान के साथ पंजाब नैशनल बैंक सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है जिसके तहत देश के सभी जिलों की सभी ग्राम पंचायतों (जी.पी.)को शामिल किया गया है। इसके उद्देश्य में अन्य बातों के साथ-साथ भारत सरकार की वित्तीय समावेशन योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की संतृप्ति और पात्र खातों की पुनः के.वाई.सी. का लक्ष्य प्राप्त करना शामिल है।

तदनुसार, नोडल बैंक शाखाओं के माध्यम से और अन्य सभी हितधारकों जैसे संबंधित ग्राम पंचायत में मौजूद बैंक शाखाओं, संबंधित बैंकों के कारोबार प्रतिनिधि (बी.सी.)/सी.एस.पी., जन प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, एल.डी.एम. आदि की सक्रिय भागीदारी के साथ जम्मू-कश्मीर संघ शासित प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों (यानी 4291 ग्राम पंचायत) में संतृप्ति शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

पी.एन.बी. ने अपने शाखा कार्यालय आर.एस. पुरा के माध्यम से 9 सितंबर को ग्राम पंचायत फतेहपुर ब्राह्मणा में एक संतृप्ति शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक जम्मू के क्षेत्रीय निदेशक चंद्रशेखर आज़ाद मुख्य अतिथि थे। अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में विभा गुप्ता उप महाप्रबंधक भारतीय रिज़र्व बैंक, राम सरूप उप महाप्रबंधक भारतीय रिज़र्व बैंक, अनिल कुमार शर्मा, मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय जम्मू, धर्मेश द्विवेदी, उप मंडल प्रमुख, पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय जम्मू, बलकार सिंह पूर्व सरपंच, गांव सामका, साक्षी चौधरी सरपंच फतेहपुर ब्राह्मणा, राजेश कुमार चौधरी अध्यक्ष पंचायत फतेहपुर ब्राह्मणा और अन्य बैंकों के अधिकारी भी शामिल हुए। इन शिविरों के आयोजन के दौरान बैंक रहित व्यक्तियों के लिए पी.एम.जे.डी.वाई. के अंतर्गत खाते खोले जा रहे हैं।

Punjab Kesari – 10.09.2025